डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | श्रावण कृष्ण पक्ष , 10-2083 | भोपाल, दिन शनिवार, दिनांक 08 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

ऑपरेशन हमदर्द 159 परिवारों अपनों से मिले

भोपाल। जीआरपी के एक महीने चले ऑपरेशन हमदर्द में रेलवे स्टेशनों और आसपास रहने वाले 2057 बेघर, वृद्ध महिलाओं और बच्चों का डिजिटल डोजियर तैयार किया गया। इनमें 1686 पुरुष, 404 महिलाएं, 39 बालिकाएं, 58 बालक और 2 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। अभियान में 159 गुमशुदा और बेघर लोगों को परिवारों से मिलाया, जबकि 39 को शेल्टर होम भेजा गया। डोजियर में पहचान, परिजन, आपबीतिका, आपराधिक रिकॉर्ड और नशे समेत 20 बिंदुओं की जानकारी दर्ज की गई। इससे रेलवे स्टेशनों के आसपास रहने वाले लोगों की पहचान और उनके परिजनों से जुड़ी जानकारी जीआरपी के पास डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगी।

कॉमरेड शिवदास घोष की स्मृति में जनसभा

भोपाल। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राष्ट्रीय सचिव एवं मार्क्सवादी चिंतक कॉमरेड शिवदास घोष के स्मृति दिवस पर गांधी हॉल में राज्य स्तरीय जनसभा हुई। केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड जरना सिंह ने महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण के खिलाफ जन आंदोलनों को मजबूत करने की जरूरत बताई। प्रदेश सचिव कॉमरेड प्रकाश शाक्या ने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण का विरोध करते हुए व्यापक जन संघर्ष की बात कही। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड रमेश अग्रवाल ने की।

आज से दो दिवसीय शिवशक्ति नेतृत्व कार्यक्रम

भोपाल। नीलवन शिक्षा सुख शांति भवन में 8 और 9 अगस्त को महिलाओं के लिए दो दिवसीय शिवशक्ति नेतृत्व कार्यक्रम आयोजित होगा। बीके नीता दीदी ने बताया कि पूजा की पूजा तो, शिवशक्ति संस्कार संजी जो विषय पर होने वाले कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों को सामाजिक सोच, आत्मविश्वास, करुणा एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए संवाद और अनुभव आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। बीके डॉ. सुमीत दीदी विशेष मार्गदर्शन देंगी।

दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष बने डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना

भोपाल। नानाजी देशमुख द्वारा चित्रकूट में स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान के नए अध्यक्ष रायपुर के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना बनाए गए हैं। अध्यक्ष महाजन को संगठन सचिव के पद पर फिर जिम्मेदारी दी गई है। अनिल अग्रवाल को सह संगठन सचिव नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा से की 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' की शुरुआत

एक्शन मोड में सीएम, लापरवाह अफसरों पर प्रहार, सीएमएचओ सहित तीन सस्पेंड

समी मंत्री व राज्य मंत्री अपने-अपने प्रभार या गृह जिले तथा अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव अलग-अलग जिलों में तय कार्यक्रम के तहत जन विश्वास कार्यक्रम में शामिल हुए

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन विश्वास अभियान के पहले ही दिन छिंदवाड़ा में एक्शन मोड में आ गए। उन्होंने शिकायतों की सुनवाई करते हुए छिंदवाड़ा के सीएमएचओ डॉ. नरेश गुन्नाडे, तहसीलदार और पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने छिंदवाड़ा कलेक्टर अरविंद सिंह लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा से ही 8 जनवरी तक प्रति शुक्रवार को होने वाले 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' की शुरुआत भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन विश्वास अभियान की शुरुआत करने छिंदवाड़ा पहुंचे थे, जबकि सभी मंत्री व राज्य मंत्री अपने-अपने प्रभार या गृह जिले तथा अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव अलग-अलग जिलों में तय कार्यक्रम के तहत जन विश्वास कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल छिंदवाड़ा में ही मुख्यमंत्री के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। सत्यापनी कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

हर शुक्रवार को होगा नो-मीटिंग डे, अफसर फील्ड पर रहेंगे

पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी पर छिंदवाड़ा सीएचओ नपे

मुख्यमंत्री ने कहा तुम्हारा ने स्पष्ट कि उन्होंने त्रुटि सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायतें की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण पात्र योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री ने इसे लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की सामने आई लापरवाही

मुख्यमंत्री को गोविंद नगर ने बताया कि वर्ष 2022 में शुरू होने वाली योजना के बाद उन्हें बताया अनुसार मुख्यमंत्री सबल योजना के तहत अनेकों एवं अनुपात सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी जानकारी सीएम हेल्पलाईन ने शिकायत दर्ज कराई थी।

आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं

मुख्यमंत्री को गोविंद नगर ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में ग्राम-अमिलिया हुकुमसिंह एवं चौरई तहसील कि शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत में बताया गया कि एसडीएम ने आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया।

सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार व पटवारी पर गिरी गाज

सीएम को मिला शिकायत में पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि तहसील तहसीलदार के पटवारी के गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आयोग्य योजना के लाभ से वंचित रही। सीएम ने मामले को गंभीर मानते हुए तहसीलदार तहसील के संबंधित पटवारी एवं पालीवाल को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक शिकायतों से जन विश्वास अभियान का शुभारंभ किया। हमारे सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जनता से संवाद कर रहे हैं।

तकनीकी शिक्षा विभाग के बाबू के घर लोकायुक्त छापा, 69 सेट गहनों की सुपुर्दगी से कोर्ट का इनकार

बैरागढ़ स्थित घर पर लोकायुक्त की कार्रवाई हुई थी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

तकनीकी शिक्षा विभाग के तत्कालीन जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के बैरागढ़ स्थित घर पर लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए गहनों में से "69 सेट की सुपुर्दगी का दावा कोर्ट ने खारिज कर दिया"। विशेष न्यायालय (लोकायुक्त) ने बेटे सोनेश और बहू अनिका की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

बेटे-बहू ने उपहार में मिलने का बताया था दावा

कोर्ट ने "14 गहनों", जबकि उनकी पत्नी अनिका ने "55 गहनों" की सुपुर्दगी मांगी थी। दोनों का कहना था कि वे गहने शादी, सगाई और बेटियों के जन्म के अवसर पर नातेदार तथा रिश्तेदारों से उपहार में मिले थे। हालांकि, वे इन गहनों से संबंधित कोई बिल या अन्य दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं कर सके।

न संपत्ति मिली थी

लोकायुक्त पुलिस ने "16 अक्टूबर 2025" को हिंगोरानी के घर छापा मारा था। कार्रवाई में करीब "1.98 करोड़ रुपए की संदिग्ध बेनामी और अनुपातहीन संपत्ति" के साथ भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए थे। बेटे-बहू ने तर्क दिया कि ये एक ही खानदान में रखते हैं, इसलिए गहने उनके निजी हैं।

जांच पूरी होने तक गहने रहेंगे जब्त

कोर्ट ने कहा कि मामले में अभी विवेचना जारी है और जब्त सामग्री के राजसात होने की संभावना को दरकिनार नहीं किया जा सकता। जब्ती में "62 तोला, 29 मिलेटा और 16 पुराना अनुपिया, 15 चेन-नेकेट, 28 नेकेट, 16 कड़े ब्रेसलेट, मंगलसूत्र और सोने के सिक्के" शामिल कई जेवर शामिल थे।

वीडियो सामने आने के बाद कलेक्टर ने की कार्रवाई, सिहावल मुख्यालय में किया अटैच

शराब के नशे में स्कूल पहुंचने वाला शिक्षक सस्पेंड

डीआर संवाददाता॥ सीधी

सिंहपुरी गवर्न-4 के प्राथमिक विद्यालय में शराब के नशे में पहुंचने और अनुशासनहीनता के आरोपों में शिक्षक विनोद प्रसाद कोल को कलेक्टर विकास मिश्रा ने निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश शुक्रवार रात जारी किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सिहावल

जनपद पंचायत मुख्यालय होगा।

जांच में स्कूल में सोते मिले शिक्षक

जनसंपर्क विभाग के अनुसार मामले की जांच में शिक्षक विनोद ने सोते हुए पाए गए। स्कूल में कुल 28 विद्यार्थी दर्ज हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल 9 विद्यार्थी उपस्थित मिले। विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर भी संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रशासन ने शराब का सेवन कर स्कूल आने के आरोप को गंभीर कदाचार मानते हुए कार्रवाई की।

ग्रामीण ने बनाया था वीडियो

मामला ग्रामीण नसरुद्दीन अंसारी द्वारा बनाए गए वीडियो के बाद सामने आया। वीडियो में शिक्षक स्कूल के अंदर लेटे हुए दिखाई दिए थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने पहले शराब पीने से इनकार करते हुए लापरवाह होने की बात कही। बाद में उन्होंने शराब की बोतल स्कूल लाने और कभी-कभी स्कूल में शराब पीने की बात स्वीकार की।

लंबे समय से नशे में आने का आरोप

शिक्षक के शिक्षक अशोक कुमार शर्मा ने भी विनोद प्रसाद कोल पर लंबे समय से शराब के नशे में स्कूल आने और नियमित रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप लगाए थे। इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत किए जाने की बात भी सामने आई है।

नौकरी, रिश्तेदार, फर्जी लिंक और मोबाइल हैकिंग से बनाया शिकार

डीआर संवाददाता॥ गुना

राजधानी में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के छह मामले सामने आए। ठगों ने नौकरी का झांसा देने, रिश्तेदार बनकर फोन करने, मोबाइल हैक करने और फर्जी लिंक भेजने जैसे तरीकों से लोगों को निशाना बनाया। छह मामलों में पीड़ितों से कुल "8 लाख 92 हजार 965 रुपए" ठग लिए गए। पुलिस ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोबाइल हैक कर 2. 49 लाख उड़ाए

बागसेनियां क्षेत्र में राजा मौल कॉलोनी निवासी विल्सी जैन (23) का मोबाइल हैक कर बदमाशों ने खाते से "2. 49 लाख रुपए" निकाल लिए।

नौकरी का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

अशोका गार्डन क्षेत्र की सेमलखेड़ा निवासी प्रियंका आहिरवार (18) ने मोबाइल पर नौकरी का विज्ञापन देखकर संपर्क किया। ठगों ने अलग-अलग प्रक्रिया के नाम पर उनसे "2 लाख रुपए" ठग लिए।

रिश्तेदार बनकर 50 हजार ऐंठे

मधुर विहार निवासी निशा (38) को रिश्तेदार बनकर फोन किया गया और ठगों ने सेकर "50 हजार रुपए" ट्रांसफर करा लिए गए।

गेम डाउनलोड कराने के नाम पर खाते से रकम गायब

विनायक हॉस्पिटल निवासी मांगा सरदार (52) को खाते से गेम डाउनलोड कराने के नाम पर "49 हजार 888 रुपए" निकाल लिए गए।

वीडियो वायरल होने से परेशान युवक की मौत, बंधक बनाने का आरोप

भतीजे के महिला को साथ ले जाने को विवाद में लगे सामग्री से चल रही थी रंजिश

डीआर संवाददाता॥ गुना

आरोप क्षेत्र के अमरपुरा गांव में 40 वर्षीय कलोड़ बंजारा की मौत के मामले में परिवार ने कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने और बंधक बनाने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, कलोड़ के भतीजे द्वारा होटल गोल की एक महिला को साथ ले जाने के बाद विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि गुरुवार को कुछ लोगों ने कलोड़ को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और वीडियो बनाया। बाद में यही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

परिजनों ने पुलिस से की थी शिकायत

परिवार का आरोप है कि 12 जून को भी कलोड़ के साथ मारपीट की गई और सामान लूट लिया गया। उसने एसपी और कलेक्टर से शिकायत की थी।

घटना से कुछ दिन पहले रिश्तेदारों ने उसे वीडियो वायरल होने की जानकारी दी। परिजनों के अनुसार इसके बाद मानसिक रूप से वह परेशान था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिप्टी सीएम को छात्रों ने रोका, बोले- सर हमारी सड़क बनवा दीजिए

देवास। स्कूली छात्र-छात्राओं ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को रोककर गांव की खराब सड़क की समस्या बताई। छात्रों ने कहा कि बारिश में सड़क पर फिसल हो जाता है, जिससे स्कूल जाने-आने में परेशानी होती है। कई बार बच्चे गिरकर गिर जाते हैं और कपड़े खराब हो जाते हैं। खराब रास्ते के कारण स्कूल पहुंचने में भी देरी लगता है।

63 साल में पहली बार हिंदू उत्सव समिति ने बनाई युवा कार्यकारिणी, ऋषभ अध्यक्ष

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति ने संगठन के 63 साल के इतिहास में पहली बार युवा कार्यकारिणी का गठन किया है। समिति का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ना है। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। समिति के युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अक्षय विश्वकर्मा को सौंपी गई है। इसके साथ ही युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें 18 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 5 मंत्री, कार्यालय मंत्री, सह कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी तथा 10 कार्यकारिणी सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यकारिणी में अभिषेक पटवार, राहुल गारंग, अजय शर्मा, अमित तिवारी, प्रतीक जैन, अमित वर्मा, जयदीप ठाकुर, सुरेश साहू, नीतेश लोधी, राहुल यादव, साहिल साहू, अंकित मुरव, उदय श्रीवास्तव, प्रणव सोनी, अशोक विश्वकर्मा, दीपक लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। महामंत्री दीपेश राय, जितेंद्र गाभंडे, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल सोनी, मीडिया प्रभारी मनीष विश्वकर्मा तथा सह कार्यालय मंत्री वीरेन्द्र दुबे को नियुक्त किया गया है।

मौसम: दगा दे रहे बदरा: आसमान पर छा रहे हैं बारिश को तरसा रहे हैं

रोज घने बादल, पर बारिश सिर्फ 34.8 मिमी, अगस्त के औसत से 89: कम

डीआर संवाददाता॥ इंदौर

राजधानी में शुक्रवार को सुबह से शाम तक घने बादल छाए रहे। शाम के समय शहर के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को भी गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

राजधानी में पिछले कई दिनों से रोज सुबह और शाम घने बादल छा रहे हैं। कई बार ऐसा लगता है कि तेज बारिश होगी, लेकिन बादल बिना बरसे ही आगे बढ़ जाते हैं। इसका असर अगस्त की बारिश के आंकड़ों में भी दिख रहा है।

महीने के पहले सप्ताह में अब तक केवल 34.8 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो अगस्त के औसत 328 मिमी की तुलना में 201.2 मिमी कम, यानी करीब 89 प्रतिशत कम है। जुलाई में भी शहर में सामान्य से कम बारिश हुई थी। हालांकि जून में प्री-मानसून और शुरुआती मानसूनी गतिविधियों के कारण औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई थी। इसके बावजूद सीजन की कुल बारिश अब भी सामान्य से पीछे चल रही है। अब तक 666.1 मिमी बारिश हुई है, जो इस अवधि के औसत 828.9 मिमी से 50.6 मिमी कम है। यदि अगस्त में अच्छी बारिश नहीं होती है, तो इस बार मानसून के कुल वर्षा घोटे तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है।

सीजन में पांच बार औसत से कम बारिश: भोपाल में मानसून में औसत वर्षा 873 मिमी मानी जाती है। 2014 से 2025 के बीच पांच बार शहर में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में सबसे अधिक 1,511 मिमी बारिश वर्ष 2022 में हुई, जबकि सबसे कम 725 मिमी वर्ष 2014 में दर्ज की गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में भी मानसून ने 7 जुलाई को देर से दस्तक दी थी। यदि अगले कुछ दिनों में मानसून फिर सक्रिय होता है, तो बारिश की कमी काफी हद तक पूरी हो सकती है। फिलहाल राजधानी में सामान्य से कम बारिश का दौर बना हुआ है।

वाहन चेकिंग विवाद पर हाईकोर्ट की नसीहत, पुलिस न छीने चाबी

कानून के रक्षक नियमों का पालन करें, पुलिस भी रखे संयम

डीआर संवाददाता॥ जबलपुर

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और अधिवक्ता के बीच हुए विवाद पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने दोनों पक्षों को कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की नसीहत दी।

बिना हेलमेट बाइक चलाने पर मामला

मामला 11 जुलाई 2026 का है। जब्त सरकार ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता अधिवक्ता बाइक पर दो अन्य लोगों के साथ बिना हेलमेट यात्रा कर रहे थे। इस दौरान वाहन चेकिंग को लेकर पुलिस और अधिवक्ता के बीच विवाद हो गया था।

पुलिस को भी संयम बरतने के निर्देश

अदालत ने कहा कि कानून का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस को चेकिंग के दौरान अपने साथ के इसेमाल, अपशब्दों के बहस और वाहन की चाबी छीनने जैसे व्यवहार से बचना चाहिए। कोर्ट ने जबलपुर एसपी को संबंधित शिकायत पर कानून के अनुसार निष्पक्ष और शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर श्रापण कृष्ण पक्ष , 10-2083 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 08 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

अगस्त और सितंबर की राशन सामग्री एकमुश्त वितरित होगी

सीहोर। कलेक्टर बालकृष्ण टे. ने जिले के सभी चार सितम्बरियों को अगस्त और सितम्बर माह का राशन एकमुश्त 31 अगस्त तक वितरित करने के निर्देश दिए हैं। 15 अगस्त तक सभी उचित मूल्य दुकानों पर राशन का भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को नियमानुसार गेहूं, चावल एवं नमक मिलेगा। वितरण के दौरान पीओएस मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा तथा व्यवस्था की नियमित निगरानी होगी।

डीजे और तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

सीहोर। 07 अगस्त। आगामी धार्मिक, सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों को देखते हुए एसडीएम सम्राट वर्मा ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत डीजे एवं उच्च ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। न्यायालय, अस्पताल, विद्यालय और महाविद्यालयों के 200 मीटर दायरे में भी लाउडस्पीकर के उपयोग पर रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर जरूरी कार्रवाई के साथ ध्वनि उपकरण जब्त किए जा सकेंगे।

उपार्जन केन्द्र बदलने का मिलेगा केवल एक मौका

सीहोर। 07 अगस्त। किसानों की सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन व्यवस्था में संशोधन किया गया है। अब किसान पोर्टल के माध्यम से पहले से दर्ज किए गए रजिस्ट्रेशन केन्द्र एक बार नया उपार्जन केन्द्र चुन सकेंगे। कृषि एवं संबंधित कलेक्टर कुमार उपाध्याय ने किसानों से निर्धारित तिथि एवं समय पर ही पंजीयन लेकर पहुंचने और इस सुविधा का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है।

पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

सीहोर। 07 अगस्त। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमपीटीएसएस (डब्ल्यू) पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। जिन पात्र विद्यार्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें समय रहते आवेदन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। सभी शैक्षणिक संस्थाओं को भी पात्र विद्यार्थियों से आवेदन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने वॉटर प्लांटों का निरीक्षण

सीहोर। 07 अगस्त। नगर पालिका द्वारा नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी के प्लांटों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यपालन मंत्री विजय कोली ने लधुडिया स्थित वॉटर प्लांट का निरीक्षण कर जल गुणवत्ता की ऑनसाइट जांच की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित परीक्षण एवं सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जुलाई में 2. 41 लाख की अवैध शराब व महुआ लाहन जब्त

सीहोर। 07 अगस्त। आबकारी विभाग ने जुलाई माह में जिलेभर में अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान चलाकर 94 लीटर अवैध शराब और 2100 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। इस दौरान 74 प्रकरण दर्ज किए गए और जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 2. 41 लाख रुपये रहा। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह

जन-विश्वासअभियान

जन-विश्वास अभियान श्यामपुर में जिला स्तरीय शिविर

अधिकारियों ने मौके पर किया कई आवेदनों का निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ने पर दिया जोर

डीआर संवाददाता»सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को श्यामपुर में जिला स्तरीय प्रभारी कार्यक्रम एवं जन-शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर बालकृष्ण टे., पुलिस अधीक्षक सोनाली सचदेवा, जिला पंचायत सीईओ सजीव श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया। लंबित आवेदनों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का कलेक्टर ने निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि

प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कलेक्टर बालकृष्ण टे. ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना है। अभियान के दौरान नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने के निर्देश दिए।

जनपद सीईओ नमिता बघेल ने बताया कि शिविर में पेंशन के दो तथा जॉब कार्ड का एक आवेदन प्राप्त हुआ, जिनका तत्काल निराकरण कर दिया गया। इसके अलावा 28 सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया। वहीं बिजली, लोक सेवा गारंटी, स्वास्थ्य, राजस्व समाधान आईडी और आयुष्मान योजना से संबंधित कई सेवाओं में आवेदन भी प्राप्त हुए।

शिविर के बाद कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ के साथ श्यामपुर में निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप समय-सीमा में पूरा करने, निर्माण सामग्री की नियमित जांच, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शादी का झांसा देकर युवती से गैंगरेप, दो को उम्रकैद

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण करने और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट सीहोर ने कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने दो आरोपी को दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर कुल 21 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार घटना 11 मई 2024 की है। पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ नदी के पुल के पास लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान गांव का एक युवक वहां पहुंचा और युवती से कहा कि उसने उसके

बुजुर्ग का संदिग्ध शव मिला

बालकिलगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम खुटियाखेड़ी में करीब 80 साल के बुजुर्ग का शव संदिग्ध हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भोपाल भेजा। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार खुटियाखेड़ी निवासी करीब 80 साल के हरिनारायण आ. हजारी लाल बीती शाम घर से खेत जाने निकले थे। रात करीब 8 बजे तक घर नहीं लौटे।

पिता-माता को शादी के लिए मना लिया है। इसके बाद वह युवती को बाइक पर बैठाकर पंचवटी रोड ले गया, जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में वह उसे सलाबतपुर ले गया और शाम करीब 5 बजे यह कहकर छोड़ गया कि वहीं रुकी रहे, लौटेगा। कुछ देर बाद दूसरा युवक वहां पहुंचा और युवती को एक धर्मशाला ले गया। उसने कमरा किराए पर लिया और रात में युवती का मुंह दबाकर, जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन आरोपी के जाने के बाद पीड़िता वहां से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। तबीयत खराब होने और भय के कारण उसने 14 मई 2024 को थाना रेहली पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई थी।

मेला। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार खुटियाखेड़ी निवासी करीब 80 साल के हरिनारायण आ. हजारी लाल बीती शाम घर से खेत जाने निकले थे। रात करीब 8 बजे तक घर नहीं लौटे।

गैस पाइपलाइन के खुले गड्ढों से हादसे

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर में गैल इंडिया कंपनी की गैस पाइपलाइन बिछाने का काम जोरों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कई स्थानों पर खुदाई के बाद गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया है। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

सेकढ़ाखेड़ी बायपास को जोड़ने वाले व्यस्त मार्ग पर भी पाइपलाइन का काम चल रहा है। सड़क किनारे गड्ढे अव्यवस्थित तरीके से खुदे हैं और खुदाई वाले हिस्से खुले पड़े हैं। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से वाहनों गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि काम के दौरान मानकों और आम लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए।

तहसीलदार अंकित सिंह ने मामले को गंभीर बताते हुए नगरपालिका को आवश्यक कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देने की बात कही है।

नपा अमले से बदसलूकी, 3 पर एफआईआर, 2 गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर की व्यस्त ही दो सुर्खी नागरपालिका व्यवस्था अब सिर्फ नाम का रहकर नहीं रह गई, बल्कि बदसलूकी का जरिया बन चुकी है। 3 दिन पहले मान मोहल्ला के पास शाम-ढला विवाद और व्यापारियों के दुर्व्यवहार करने होने के बाद अब नपा का अमला सड़कों पर उतरा, तो उन्हें भी धमकी का सामना करना पड़ा।

पंडा नाका मोहल्ला के अव्यवस्थित हाथ ठेलों को हटाने गई नपा टीम के साथ तीन लोगों ने गाली-गलौच और बदसलूकी कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। शहर में हीरा लाल रहे जाम के दो मुख्य कारण हैं। पहला, मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित खड़े हाथ ठेले जो आधी सड़क घेर लेते हैं, और दूसरा व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों की हद से बाहर

सामान रखकर किया गया अतिक्रमण।

3 दिन पहले हुई घटना के बाद जागरण प्रकाशन: 3 दिन पहले बाजार क्षेत्र गान मोहल्ला के पास एक कार चालक वाहन रोक रहा था। रास्ता किनारे खड़ा ठेले वाला ठेला हटाने को तैयार नहीं हुआ और कार चालक उसे टक्कर मार दी गई। इसके बाद ठेले चालकों ने कार चालक के साथ मारपीट की। घटना से आक्रोशित होकर व्यापारी दुकानों के बाहर फैलाया गया सामान और अतिक्रमण की वजह से यहां जाम लगा रहा है। इसी घटना के बाद नपा ने अतिक्रमण हटाने और ठेलों को व्यवस्थित करने की मुहिम शुरू की है।

चार प्रमुख क्षेत्र, जो सबसे बड़ी बाधा

नमक मोहल्ला चार तरफ से आने वाले वाहनों और ठेलों के कारण यहां गिरधर जाम की स्थिति बनी रहती है। मेन रोड का सराफा क्षेत्र: व्यापारियों द्वारा दुकानों के बाहर फैलाया गया सामान और अतिक्रमण की वजह से यहां पार्किंग समस्या बनी रहती है। चार मोहाबरा सकरा रास्ता और तीन मोहाने पर खड़े होने वाले ठेले। यही कारण है कि मोड़ पर आए दिन हादसे और विवादों की स्थिति बनती है। स्टेट बैंक के पास बैंक आने वाले ग्राहकों के अव्यवस्थित वाहनों और ठेलों की वजह से हर वक्त यातायात परेशान होते हैं।

इस तरह सुधर सकती है बाजार की व्यवस्था

मुख्य सड़क से हटाकर चार की खाली जगहों पर निर्धारित लॉकर जोन में शिफ्ट किया जाए। इससे बाजार व्यवस्थित होगा और ठेले वालों को भी स्थायी जगह मिलेगी। पैली लाइन मार्किंग दुकानों के बाहर पीले रंग की पट्टी बनाई जाए। इससे बाहर सामान निकालने वाले व्यापारियों पर सख्त चालानी कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा से वर्चुअल माध्यम से सीहोर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव से जुड़े

डीआर संवाददाता»सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा से वर्चुअल माध्यम से सीहोर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष के तहत किसान हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ हर किसान तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसानों से संवाद का माध्यम है, जहां उन्हें नई तकनीक, वैज्ञानिक खेती और आधुनिक कृषि प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों को सिंचाई, बिजली, खाद-बीज, कृषि यंत्र, फसल

बीमा, वाटरशेड मिशन और ब्याज मुक्त ऋण योजनाएं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कवास योजना, प्राकृतिक खेती, गहुपालन, मत्स्य पालन और फसल विविधिकरण को किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया।

कार्यक्रम में वाणिज्य मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल विविधिकरण को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण पर किसानों को चार गुना मुआवजा, पंजाब मॉडल मिशन, साइपर तहसील और फसल नुकसान पर मिला हुआ मुआवजा जैसी योजनाएं किसानों के हित में लागू की गई हैं।महोत्सव में कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर आधुनिक कृषि पंप, एन्हान्स सीड, जैविक खेती, सिंचाई तकनीक और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकों से लाभान्वित बढ़ाने और लागत कम करने के उपाय बताए। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों, विभागीय अधिकारियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को सम्मानित भी किया गया।

वाहन चेकिंग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे , आम लोगों व लाखन धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान करने का आरोप

डीआर संवाददाता»जावर

वाहन चेकिंग के दौरान आम लोगों और लाखन धाम आने वाले श्रद्धालुओं को कथित रूप से बेवजह परेशान किए जाने की शिकायत पर भाजपा मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता गुरुवार को जावर थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी से चर्चा की। वाहन चेकिंग में अनावश्यक कार्रवाई नहीं करने की मांग रखी। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, पिछले दो-तीन दिनों से वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करने की शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार शाम लाखन धाम आने वाले श्रद्धालुओं को रोककर परेशान किए जाने की सूचना मिली। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से बात की। उन्होंने कहा, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो। नियम मानने वाले नागरिकों और श्रद्धालुओं को बेवजह परेशान नहीं किया जाए। भाजपा वीरेंद्र ठाकुर ने कहा, श्रद्धालुओं ने भी पुलिस

की कार्रवाई को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद नगर के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता थाने पहुंचे। पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए वाहन चेकिंग की जाए।

एसडीओपी को ज्ञापन कराया भाजपा नेताओं ने बताया कि मामले की जानकारी एसडीओपी आष्टा को भी दी गई है और लोगों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि वाहन चेकिंग अभियान यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है।

बैठक ,सीहोर कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर से लगातार बीमी बार सेवा में अच्छी बारिश, शांत, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की गंगत उसमा क्षेत्र की सुरक्षाओं को लेकर शहरवार उपायों श्रावणमास उत्सव के लिए शुक्रवार से शुरू हुई। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से शुरू होकर सुबह केन्द्री नाका मंदिर, ताली खंड आश्रम, रामधुनी हनुमान मंदिर, शकराना मंदिर एवं चौराहा, छावनी स्थित सभी मंदिरों श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, रामकालेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, नागकेश्वर महादेव मंदिर,

नर्मदेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, बुलेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई जो जलाशीश, अस्पताल और सोमवारी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। शुक्रवार को शहर के प्राचीन गणेश मंदिर से आरंभ और जारुड़ा के साथ समाप्त हुई। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष जिस खरीर, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पंडित नारायण चतुर्वेद, सुरेश लड्ढा, मिलेन्द्र तिवारी, सुरेंद्र खंडा, हेमंत दरबार, आदि ने पूजा समारोहों आदि होते हुए, उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेंगे

न्यूज गैलरी

29 लाख रुपए से बनेगा एनिमल बर्थ कंट्रोल, वैक्सीनेशन आज से

सीहोर। शहर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद अधिकारक सीहोर नगर पालिका हरकत में आ गई है। आमजनों को राहत देने के लिए नगर पालिका 29 लाख रुपए की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निर्माण करने जा रही है। सेंटर का निर्माण पूरा होने तक नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर नया शनिवार से आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका डीसेक्सरण (बैक्सीनेशन) शुरू कर रही है। इसके लिए आवश्यक दवाइयां और इंजेक्शन खरीदकर पशु चिकित्सा विभाग को सौंप दिए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर स्पष्ट और कड़ा फैसला सुनाते हुए सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों से कुत्तों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए थे।

नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

सीहोर। 10 जनवरी के लिए अब 10 अगस्त तक कर सकेंगे निःशुल्क आवेदन, 11 से 12 अगस्त तक सुधरेगी संशोधन किसी भई दिल्ली नोएडा। जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएस)-2027 के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी है।

नवोदय विद्यालय समिति के अनुसार, कक्षा 6 में प्रवेश के लिए लेटरल्स्टीपाटी 2027 का ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल 7 जुलाई 2026 से शुरू है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट तथा आवेदन पोर्टल आवेदन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।11 और 12 अगस्त को मिलेगा संशोधन का मौका

समिति ने पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए आवेदनसंशोधन की सुविधा भी उपलब्ध कराने की घोषणा की है। यह विंडो 11 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक खुली रहेगी। इस दौरान अभ्यर्थी अपने आवेदन में केवल निर्धारित जानकारियों में आवश्यक सुधार कर सकेंगे (संशोधन की सुविधा परीक्षा का माध्यम वर्ग लिंग क्षेत्र और विभागीय से संबंधित विवरणों के लिए उपलब्ध रहेगी)।अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना आवेदन पूरा करें और आवेदन जमा करने से पहले सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

फर्जी बाड़ा

एक ही मोबाइल नंबर से हुए 18 आवेदन, सामान्य बुखार को गंभीर बीमारी बताकर बनाए बिल

सॉफ्टवेयर ने खोली पोल, सीहोर-भोपाल में मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, का फर्जीवाड़ा

डीआर संवाददाता»सीहोर

गरीब और कमीर मरीजों के इलाज के लिए हर साल दिए जाने वाले मुख्यमंत्री स्वेच्छाअनुदान की राशि में बड़े फर्जीवाड़े और घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। भोपाल और सीहोर जिले के 10 से अधिक निजी अस्पतालों पर बिना किसी गंभीर बीमारी के फर्जी मरीज खड़े करके सरकार से करोड़ों रुपये की अनुदान राशि ऐंठने का संगीन संदेह है। इस पूरे मिशेह का नेटवर्क सीहोर और भोपाल के निजी अस्पतालों से जुड़ा बताया जा रहा है। जहां संदिग्धों और फर्जी आवेदनों के तार खंगाले जा रहे हैं।

एक ही मोबाइल नंबर से 18-18 आवेदन

जांच के दौरान एक-दो नहीं, बल्कि 18 ऐसे फर्जी मोबाइल नंबर सामने आए हैं, जिनका इस्तेमाल

अलग-अलग फर्जी मरीजों के नाम पर अनुदान हड़पने के लिए किया गया। हैरानी की बात यह है कि एक-एक मोबाइल नंबर का उपयोग कर 17 से 18 फर्जी आवेदन जमा किए गए।

सीहोर जिले के कई निजी अस्पतालों की भूमिका इस पूरे घोटाले में बेहद संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि सीहोर और भोपाल के कुछ निजी अस्पतालों ने फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार किए, सामान्य बीमारियों को गंभीर बताकर बड़ा-बड़ा एस्टिमेट

मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान राशि

बताए और उसी राशि के लिए दावे पेश किए गए। जांच में यह भी सामने आया है कि कई मरीजों के नाम पर एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग किया गया, जबकि यह नंबर अस्पताल के एक कर्मचारी के नाम पर पंजीकृत है। इस गड़बड़ी ने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ तकनीकी गड़बड़ी नहीं बल्कि सोचा-समझा फर्जीवाड़ा हो सकता है।

ऐसे पकड़ में आया करोड़ों का फर्जीवाड़ा

जांच में सामने आया कि कई मरीजों के नाम पर एक ही मोबाइल नंबर का इस्तेमाल बार-बार किया गया। इसके बाद जब मरीजों की फर्जी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ की गई, तो पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया। इसके बाद अस्पतालों से जुड़े कई मरीजों से पूछताछ की गई, तो कई मरीजों ने बताया कि उन्होंने कभी किसी अस्पताल में इलाज ही नहीं कराया था। कई मरीजों ने बताया कि उन्होंने कभी किसी अस्पताल में इलाज ही नहीं कराया था। कई मरीजों ने बताया कि उन्होंने कभी किसी अस्पताल में इलाज ही नहीं कराया था।

जांच टीम के सामने बड़ी चुनौतियां

जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अब दिए गए दावे करीब 200 से अधिक मरीजों का फोन पर सत्यापन करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। एक-एक मरीज की जांच और अस्पताल के रिकॉर्ड खंगालने में 5 से 10 मिनट का समय लग रहा है। जांच में सामने आया कि ये फर्जी दावे मुख्य इलाकों से जुड़े हुए हैं। सीहोर में सामान्य सर्दी-बुखार या मौसमी बीमारियों को भी फर्जी स्वास्थ्य समस्या बताकर बिल तैयार किया गया था।

कुछ मरीजों ने तो यहां तक कहा कि उन्होंने कभी किसी अस्पताल में इलाज ही नहीं कराया था। कई मरीजों ने बताया कि उन्होंने कभी किसी अस्पताल में इलाज ही नहीं कराया था।

फर्जीवाड़े पर नकेल कसने के लिए बने नए नियम

घोटाले के उजागर होते ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान योजना के नियमों को बेहतर बनाने का निर्णय ले लिया है। जिलाधिकारी कार्यालय ने मेडिकल एक्जिमिनर, वास्तविक मेडिकल रिपोर्ट, अस्पताल कार्ड और समय लाईसेंस के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। साथ ही, विभागीय जांच का अधिकृत अनुरोध पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। आवेदन निरस्त या मंजूर होने पर मरीज, संबंधित अस्पताल और चिकित्सक अपने पते पर एसएमएस के जरिये सूचना भेजी जाएगी।

आष्टा के वार्ड 2 और 3 में चला कचरा मुक्त अभियान, छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा। नगर पालिका परिषद आष्टा की जन जागरूकता टीम ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 2 और 3 में कचरा मुक्त अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत जनपद पंचायत के पास किला शासकीय मिडिल स्कूल गौरपुर के सामने लंबे समय से जमा कचरे के ढेर को हटाया गया। वार्ड पार्षदा मनोज पोपल और उनकी टीम ने सफाई कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय तथा वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद कामलेश जीन ने जन जागरूकता टीम के प्रयासों की सराहना की। सफाई के बाद टीम ने स्थल पर स्वच्छता संबंधी प्रेरक स्लोगन लिखे और महात्मा गांधी के मार्ग का प्रतीकात्मक चित्र बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

शासकीय मिडिल स्कूल गौरपुर के शैक्षणिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली। नगर पालिका ने बताया कि इस स्थान को स्थायी रूप से स्वच्छ बनाए रखने के लिए जगह पर एक सप्ताह तक बीट पेट्रोलिंग, सफाई प्रतियोगिता और अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने वाले लोगों को भी समझाइश देकर आगाह किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

श्रवणपुर विद्या मन्दिर कॉलेज विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं युवाओं में बढ़ती आत्महत्या जैसे गंभीर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चीफ सोशल ऑफ एजुकेशन प्रभारी डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन अनमोल है तथा किसी भी समस्या का समाधान आत्महत्या नहीं है।

उन्होंने तनाव, अवसाद, परीक्षा का दबाव, पारिवारिक

एवं सामाजिक चुनौतियों का सकारात्मक ढंग से सामना करने, समय पर परामर्श लेने तथा अपने परिवार, शिक्षकों एवं मित्रों से खुलकर संवाद करने का संदेश दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने, सकारात्मक सोच अपनाने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

ऑनलाइन श्री कांवड़ शिव महापुराण का हुआ समापन, लाखों श्रद्धालुओं ने घर बैठे किया कथा श्रवण

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला गुजरात के गांधीनगर स्थित कुबेरेश्वरधाम से प्रसारित पांच दिवसीय ऑनलाइन श्री कांवड़ शिव महापुराण कथा का सुबह सुबह भावपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। कथा का देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं ने मोबाइल मीडिया और टीवी के माध्यम से घर बैठे श्रवण किया। रामायण आचार्य पं. श्री श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं से कांवड़ और

पार्वती से दूर रहकर सच्चे भाव से भगवान शिव की आराधना करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सरल भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं और श्रद्धा के साथ अर्पित किया गया एक लोटा जल भी भाव की गंगोत्रीमानवाएं पूर्ण कर सकता है।उन्होंने सावन माह में निकल रही कांवड़ यात्राओं को शिव और शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि कांवड़ लेकर चलने वाले श्रद्धालु और उनकी सेवा करने वाले दोनों ही भगवान की सेवा कर रहे हैं। सेवा भाव को सनातन परंपरा की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उन्होंने सामाजिक संगठनों और सेवादारों की सराहना की।

कथा में स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस के प्रसंग का उल्लेख करते हुए पंडित मिश्रा ने प्रेम कर्म, राष्ट्र सेवा, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस सावन मास में सीहोर नगरी सहित सभी कुबेरेश्वरधाम तक हजारों श्रद्धालुओं की आस्था यात्रा लगातार जारी है, जहां विभिन्न सेवा शिविरों में पेयजल, चाय, नाश्ता, शीतपेय और भोजन प्रसादी की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। पूरे मार्ग पर हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में एमआईआईसी का उद्घाटन

डीआर संवाददाता»सीहोर

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह ने सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में ठेठर पदरकंजपवद वनउ प्यवहकुजपवद कादजतम (डब्ल्यू का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार एवं उद्यमिता आज के समय की आवश्यकता है और ऐसे इनक्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगे।

पैन योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सहयोग से स्थापित एक राज्य सहायकों के लिए नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस केंद्र के माध्यम से छात्राएं अपने नवाचार विचारों को वास्तविक उद्यम में परिवर्तित कर सकेंगी तथा उद्योग एवं शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु स्थापित होगा। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा अनुसूचित की अध्यक्षा शर्मा, प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा, प्रध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

मुख्य अभियंता ने योजना का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्यप्रदेश अर्बन सेवरेजमंडल कंपनी के मुख्य अभियंता श्री कैलेन्द्र कुमार एवं परियोजना प्रबंधक सुधीर जैन ने नगर परिषद जावर की निर्माणाधीन पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम पूर्वी नदी पर निर्माणाधीन इंटेक वेल का अवलोकन किया। जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित वेल से नाला क्रॉसिंग तक पाइपलाइन बिछाने की प्रगति की समीक्षा की और नेकर कॉप का निरीक्षण कर श्रमिकों से चर्चा की तथा उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मोतिसाजर की मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, रेलिंग एवं पेंटिंग सहित सेल कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर परिषद जावर स्थित निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र एवं योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 250 किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय का निरीक्षण भी किया।

अपर मुख्य सचिव ने उचित मूल्य दुकानों का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने सीहोर जिले के ग्राम झरखेड़ा एवं श्यामपुर स्थित उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपभोक्ताओं से संवाद कर पात्रता अनुसार राशन मिलने, दो माह का एकमुश्त राशन, ओटीपी एवं एसएमएस की जानकारी, ई-ई-केवाईसी तथा दुकानों के नियमित संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाइन स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया, जो सही पाया

गया। साथ ही एन्डीएसएस एवं आईसीडीएस के लिए खाद्यान्न वितरण, भंडारित खाद्यान्न की बोरियों का प्रकार तथा सार्वजनिक समिति एवं बैठक रजिस्टर की भी समीक्षा की।अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि खाद्यान्न की बोरियों के नीचे विपणन विभाग जाए, दुकानों में नियमित साफ-सफाई रखी जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर नियमित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने दुकानों को निर्धारित दिवसों पर नियमित रूप से संचालित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने उपभोक्ताओं से चर्चा कर उनका फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य अधिकारी सुश्री सुकृति सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा मालवीय, वरिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

झरखेड़ा में चल रही सात दिवसीय महा शिव पुराण कथा के छठवे दिन

गणेश-रिद्धि-सिद्धि विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, भक्ति से गूंजा कथा पंडाल

डीआर संवाददाता»सीहोर

क्षेत्र के ग्राम झरखेड़ा स्थित पाटीदार नागरिक भवन में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के पावन दिवस राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारिका सुश्री जयंती किशोरी शर्मा ने भगवान श्रीगणेश एवं रिद्धि-सिद्धि विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनाया। उनकी भावपूर्ण एवं ओजस्वी कथा-वाचन से पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया और गणपति बप्पा मोरया तथा

हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

सुश्री जयंती किशोरी शर्मा ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक, शुभता और मंगल के अधिष्ठाता देव हैं। जीवन के प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत उनकी आराधना से करने की परंपरा सनातन संस्कृति की महान विरासत है।

उन्होंने बताया कि रिद्धि और सिद्धि भगवान गणेश की दिव्य शक्तियां हैं, जो साधक के जीवन में सुख-समृद्धि, ज्ञान, सफलता और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

कथा के दौरान भगवान गणेश के विवाह प्रसंग का सजीव एवं भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के बीच-बीच में भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोष से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन शिव महिमा से जुड़े विभिन्न पावन प्रसंगों का श्रवण कराया जा रहा है। कथा में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन

सरपंच रामबाबू पाटीदार का जन्मदिन मनाया, ग्रामीणों ने किया वृक्षारोपण

डीआर संवाददाता»झरखेड़ा

ग्राम झरखेड़ा के सरपंच एवं युवा नेता नेता संघ अध्यक्ष रामबाबू पाटीदार का जन्मदिवस शुक्रवार को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के पाटीदार नागरिक भवन में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दौरान राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारिका सुश्री जयंती किशोरी शर्मा ने मंच से सरपंच रामबाबू पाटीदार को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल जीवन की कामना की। जन्मदिवस के अवसर पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं

एवं ग्रामीणों ने खलियों की गुणगरुहाट के बीच सरपंच का अभिनंदन किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पाटीदार नागरिक भवन परिसर के समीप ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर सरपंच रामबाबू पाटीदार ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिवस को सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे सकारात्मक कार्यों से जोड़ना सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, तथा श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

देयक, टीडीएस, आयकर पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

विदिशा। जिला कोषालय ने 7 अगस्त 2026 को कलेक्ट्रेट के सेतु सभागार में देयक परिलेखन, टीडीएस, आयकर प्रावधानों पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण रखा। प्रशिक्षण में जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारी और सेतु लिपिक शामिल हुए। जिला स्तर के अधिकारी मौके पर रहे। तहसील स्तर के डीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

अभियान: कलेक्टर ने स्कूल में पढ़ाई, उपस्थिति देखी

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंकुल गुप्ता शुक्रवार को हायर सेकंडरी स्कूल लगभग पहुंचे। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। अलग-अलग कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति देखी। पढ़ाई की स्थिति पर बारीकी से निगाह डाली। स्कूल में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

प्रमुख सचिव ने विदिशा की संस्थाओं का निरीक्षण किया

विदिशा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली पॉल, कार्यक्रम अधिकारी और आयुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को विदिशा प्रवास के दौरान जिले में संचालित संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाएं देखीं।

बालिका जन्म पर मिल रही स्वागत लक्ष्मी किट

विदिशा। जिले में बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने और सकारात्मक प्रसव बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर की पहल पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सभी शासकीय चिकित्सालयों में नवजात बालिकाओं को स्वागत लक्ष्मी बेबी किट प्रदान की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अब तक 250 से अधिक बालिकाओं को यह किट वितरित की जा चुकी है। किट में नवजात की प्राथमिक देखभाल की आवश्यक सामग्री शामिल है।

आंगनबाड़ी केंद्र 150 में मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

विदिशा। विकास खण्ड शमशाबाद के तहत सेक्टर कुलवाना ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 150 में जागरूकता कार्यक्रम एवं मंगल दिवस आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति केवट ने सेक्टर पर्यवेक्षक बाला श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्वास्थ्य, संतुलित पोषण, स्वच्छता और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। माताओं को जन्म के तुरंत बाद नवजात को मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) पिलाने के लाभ बताए गए।

सेंट एसआरएस स्कूल के 3 छात्र शतरंज में चयनित

गंजबासौदा। मध्य प्रदेश शासन के खेल विभाग के तहत शतरंज जिला प्रतियोगिताओं में सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में कक्षा 12 के हर्षित लोधी, कक्षा 9 के मयंक श्रीवास्तव, कक्षा 8 की रंजनीनंदनी नरेया शामिल हैं। नगर के डॉलिफन विद्यालय में हुई जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में तीनों ने अच्छा प्रदर्शन किया। संभाग स्तर के लिए स्थान बनाया। अब ये खिलाड़ी सीहोर में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चुनावरू 16 अगस्त को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष के लिए होगा मतदान

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के चुनाव में शुक्रवार को नाम वापसी हुई। इसी के साथ प्रत्याशियों की संख्या साफ हो गई है। इस बार चुनाव में चार प्रत्याशियों के बीच मतदान होगा।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

16 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला के तारदेवी हॉल में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा। पूर्व अध्यक्ष लिलेश माहेश्वरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था, लेकिन इस बार छह प्रत्याशियों ने दावेदारी की।

शुक्रवार को नाम वापसी के दिन दो प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद अब 4 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं, जिनके बीच निर्वाचन होना है। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता सूची में कुल 2911 सदस्य हैं जो विदिशा, नाम वापस लेने पहुंचे दो प्रत्याशी।

अपने मत का प्रयोग कर नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। नामांकन वापसी की निर्धारित तिथि 7 अगस्त को दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फॉर्म वापस ले लिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट शैलेष शर्मा ने बताया कि निर्धारित समय के दौरान दीपेश मालवीय और कमलेश आहेरवार ने अपना नामांकन वापस लिया है।

फॉर्म प्रत्याशियों के नामांकन वापसी के बाद अब अध्यक्ष पद के लिए सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए सावन 16 अगस्त को होगा। 8 अगस्त को मतदाताओं को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि नाम वापसी के बाद अब शनिवार को अंतिम प्रत्याशी सूची और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मतदान 16 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तारा देवी हॉल अग्रवाल धर्मशाला में कराया जाएगा। प्रत्याशियों ने मतदाताओं को रोचेलना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नारायण सिंह कुशवाह द्वारा समिति का गठन किया गया है।

चुनाव कार्यालय

सरदार रघुवंशी,रामलाल दांगी,निखिलेश दांगी,भूपेंद्र रघुवंशी,

चुनाव की खास बातें

कुल मतदाता: सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की मतदाता सूची में कुल 2911 मतदाता हैं।

जनवरी व जुलाई सदस्यता अभियान: सत्रांतर 464 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। अंतिम प्रत्याशी सूची: आज 8 अगस्त को अंतिम प्रत्याशी सूची जारी की जाएगी।

मतदान: 16 अगस्त, सुबह 9 से शाम 4 बजे तारा देवी हॉल, अग्रवाल धर्मशाला

आरोप सही थे: छात्राओं से मारपीट करने वाला शिक्षक निलंबित हुआ

आरटीई उल्लंघन पर विभागीय कार्रवाई शुरू

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

नटेरन विकासखंड स्थित शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलवार में कक्षा 8वीं की छात्राओं से मारपीट और शारीरिक प्रताड़ना के आरोप में माध्यमिक शिक्षक चन्द्रभान अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई गुरुवार को संयुक्त संचालक सीमा शिक्षण ने की है। यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर की गई। दूसरा आरोप सही पाए गए।

छात्राओं को शारीरिक दंड देना गलत

निलंबन आदेश में कहा गया है कि स्कूल समय में छात्राओं को शारीरिक दंड देना कार्य का नि शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की धारा 17(1) का उल्लंघन है। यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के तहत सेवा आचरण के भी विपरीत है। है। बताया गया कि 3 अगस्त को स्कूल की छात्राओं ने शिक्षक पर मारपीट और शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

निलंबन अवधि के दौरान शिक्षक इंद्र राजबहादुर अहिरवार का मुख्यालय मिलकाखेड़ा शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नटेरन रहेगा। उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्यालय स्कूल पर यह मामला सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया था। वीडियो में छात्राओं ने शिक्षक पर कक्षा में मारपीट करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद जिला विभाग ने जांच शुरू की और अब जांच रिपोर्ट के आधार पर शिक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

गंजबासौदा में अभिभाषक संघ कक्ष के मीटर में लगी आग,

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

पुराने कोर्ट परिसर में शुक्रवार दोपहर अभिभाषक संघ के कमरे में लगे बिजली के मीटर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण पहले मीटर से धुआं उठना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग बिजली के तारों तक फैल गई।

घटना के समय अभिभाषक संघ के कमरे में कई वकील, कर्मचारी और क्लाइंट मौजूद थे। अचानक धुआं और आग की लपटें देखकर वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

आग की वजह से बिजली का पैनल पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जबकि केबल जलने से भी क्षतिग्रस्त हो गई। इससे चलते कमरे में अंधेरा छा गया।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से तहसील और एसडीएम कोर्ट का काम भी प्रभावित हुआ। मवक्किलों को घंटों इंतजार करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अधिकतर नुकसान को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है।

नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

डीआर संवाददाता ✉ शमशाबाद

सत्र-2027 के लिए कक्षा 10 अगस्त तक कर सकेंगे निःशुल्क आवेदन, 11 से 12 अगस्त तक खुलेगी संशोधन विंडो

नई दिल्ली नोएडा। जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीटी)-2027 के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। नवोदय विद्यालय समिति ने तैत्तिरीय सत्र 2027-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी है।

नवोदय विद्यालय समिति के अनुसार, कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जेएनवीटी-2027 का ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल 7 जुलाई 2026 से शुरू है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट देखभालेंदेखाफाक्ष तथा आवेदन पोर्टल जेएनटीए आवेदन पोर्टलफ्ष के माध्यम से किया जा सकता है।

11 और 12 अगस्त को मिलेगा संशोधन का मौका

समिति ने पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए आवेदनकजपपद्ध पंजीकृत भी उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

यह विंडो 11 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक खुली रहेगी। इस दौरान अभ्यर्थी अपने आवेदन में केवल निर्धारित जानकारियों में आवश्यक सुधार कर सकेंगे।

संशोधन की सुविधा परीक्षा का माध्यम (माध्यमपत्र वी ध्न्ज), वर्ग (जेनरलवतल), लिंग (जेनदकमत), क्षेत्र (जेनी) और निवासगत (एडिक्सपजल) से संबंधित विवरणों के लिए उपलब्ध रहेगी।

अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना आवेदन पूरा करें और आवेदन जमा करने से पहले सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

भगवान भरोसे धान... क्यों नहीं हो रही बारिश

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

बरसा रहे बादल

बारिश न होने का मुख्य कारण मानसून ट्रफ और कावडों के तंत्र का धीमी गति होना या समाप्त चलना है। जब मानसूनी हवाएं या कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय नहीं होता, तो सभी दालों हवाएं आगे नहीं बढ़ पाती और बारिश एक जगह है। **बारिश न होने के कारण खेतों में दरारें बन रही हैं और धान की**

आ रहे बादल, जा रहे बादल पानी नहीं

शहर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल पर संकट गहराने लगा है। किसान लगातार अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन बादल आने के बाद भी बिना बरसे लौट जाते हैं। हालांकि कुमदार की हुई हल्की बारिश से फौवारेदार जी फसलों को कुछ राहत मिली है, लेकिन यह काफी नहीं है। किसानों का कहना है कि धान की फसल को बचाने के लिए पर्याप्त बारिश जरूरी है, जिससे खेतों में बने गड्ढे और जलभराव वाले हिस्से पर सही तरीके अच्छी बारिश न होने से धान की फसल प्रभावित हो रही है। बादल आ रहे हैं और जा रहे हैं लेकिन पानी नहीं बरस रहे हैं।

कुएं में मिला मगरमच्छ, वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू कर आरी डेम में छोड़ा

डीआर संवाददाता ✉ लटेरी

वन ईकाई में किसान के कुएं में मिले मगरमच्छ का उदार लटेरी वन परिक्षेत्र की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित उसके प्राकृतिक ठिकाने आरी डेम में छोड़ दिया। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। डीएफओ हेमंत यादव और रेंजर अरविंद अहिरवार ने ईकाई से सूचना मिली कि किसान महेन्द्रसिंह राजपूत के कुएं में एक मगरमच्छ देखा गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर अरविंद अहिरवार ने सावधानी रेंजर मनोज मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की, जिसने सावधानीपूर्वक मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को आरी डेम में सुरक्षित छोड़ा गया। अभियान के दौरान वन विभाग ने ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण और सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी। अधिकारियों ने कहा कि यदि भविष्य में कोई वन्यजीव गांव या आबादी क्षेत्र में दिखाई दे तो उसे पकड़ने या परेशान

मगरमच्छ को पानी में छोड़ते हुए वन कर्मी।

करने का प्रयास न करे, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीव और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रेस्क्यू अभियान में वन कर्मियों सहायक कुमारान सिंह, नरसिंह नागेंद्र मालविया, मानु रघुवंशी एवं राहुल डांगी का विशेष योगदान रहा।

प्रतियोगिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरकारी-प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थी पहुंचे

दौड़, लॉन्ग जंप समेत 26 खेलों का आयोजन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

खेल स्टेडियम में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय शासकीय अशासकीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न शासकीय और अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। खिलाड़ियों ने अलग अलग एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और हाई जंप सहित कुल 26 स्पर्धाएं आयोजित की गईं। मैदान में उतरे खिलाड़ियों में जीत को लेकर खासा उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने दौड़ और जंप स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया।

आयोजकों के अनुसार विकासखंड स्तर पर एथलेटिक्स की कुल 26 प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका दिया गया है। प्रतियोगिता में विकासखंड के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

आयोजकों ने विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को बड़े स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है। रायसेन नामदेव ने बताया कि विकासखंड स्तर पर आयोजित इस 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और हाई जंप सहित कुल 26 स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट्स जैसे 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के साथ लॉन्ग जंप और हाई जंप शामिल हैं। इसमें विकासखंड के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज पर व्याख्यान 9 अगस्त को

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

गांधी सुमित्रा मंच और सार्वजनिक गणेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सर्वधर्म सम्भाव व्याख्यानमाला की नवम कड़ी 9 अगस्त को आयोजित होगी। कार्यक्रम का विषय ''महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज-एक विश्लेषण'' रखा गया है। आयोजन सुबह 11 बजे मां हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में होगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. योगेंद्र मालिक, आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय, नर्मदापुरम होंगे। वहीं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रतिभा विकास संस्थान, विदिशा के अध्यक्ष दिनेश वाजपेयी प्रस्तुत करेंगे।समिति सचिव डॉ. बंकेश पंजवानी ने बताया कि व्याख्यानमाला का उद्देश्य विभिन्न सम्प्रदायों और विचारधाराओं के विद्वानों के विचारों को गांधी विचारधारा की रोशनी में लोगों के सामने लाना है। कार्यक्रम में शिवद से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विमर्श-मंथन किया जाएगा।

इससे पहले व्याख्यानमाला में जैन दर्शन, सिख पंथ, पारसी दर्शन, उपनिषद, वारीरी धर्म, सूफीवाद, बुद्ध और जनता धर्म तथा कबीर जैसे विषयों पर चर्चा हो चुकी है।

डीआर राजगढ़

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

श्रवण कृष्ण पक्षा-10,2083

विदिशा,दिन शनिवार दिनांक 08 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

बालिका अहमदाबाद से मिली, आरोपी गिरफ्तार

राजगढ़। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को 72 घंटे के भीतर गुजरात के अहमदाबाद से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 2 अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे नाबालिग के परिजन ने उसके बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।कार्यवाही में प्रदेश शासन के संदेशा विकास एवं सेवाभाव विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, समेकित विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास एवं जनहित के कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। यह अभियान पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन के साथ व्यक्ति समग्र समाधान की भावना को लेकर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और नागरिकों को बिना किसी परेशानी के शासकीय सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जन विश्वास अभियान केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही और सेवा भाव का सशक्त माध्यम है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा

विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न हो। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नियमित शिविर एवं जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सर्वेक्षण में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अनिल सोलानी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंजिनियर नड़म्बाड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम राजपूत, जनरल अध्यक्ष देव नागर, नगर परिषद अध्यक्ष विकास मलहोत्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं मण्डल नागरिक मौजूद रहे। सर्वेक्षण के बाद में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जन विश्वास अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को पखाना व सिर गुणवत्ता सुधार के निर्देश

सारंगपुर। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर तथा वर्तमान चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत पचोर में उद्यम संवाद आयोजित

मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

डीआर संवाददाता ▪ सारंगपुर/पचोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत गुरुवार को पचोर मंडी प्रांगण में उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के संदेशा विकास एवं सेवाभाव विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, समेकित विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास एवं जनहित के कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। यह अभियान पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन के साथ व्यक्ति समग्र समाधान की भावना को लेकर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और नागरिकों को बिना किसी परेशानी के शासकीय सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जन विश्वास अभियान केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही और सेवा भाव का सशक्त माध्यम है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न हो। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नियमित शिविर एवं जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सर्वेक्षण में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अनिल सोलानी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंजिनियर नड़म्बाड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम राजपूत, जनरल अध्यक्ष देव नागर, नगर परिषद अध्यक्ष विकास मलहोत्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं मण्डल नागरिक मौजूद रहे। सर्वेक्षण के बाद में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जन विश्वास अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को पखाना व सिर गुणवत्ता सुधार के निर्देश

सारंगपुर। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर तथा वर्तमान चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नरसिंहगढ़ अस्पताल बनेगा डिजिटल हेल्थ का पायलट सेंटर

डीआर संवाददाता ▪ नरसिंहगढ़

नरसिंहगढ़ का सरकारी अस्पताल प्रदेश में अस्पतालों के डिजिटलाइजेशन के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल होगा। स्वास्थ्य आयुक्त कनगवेलु इरा ने शुक्रवार को अस्पताल के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, मशीनों को मिल रही सुविधाओं और लाभार्थी रिकॉर्ड की स्थिति देखी।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों को चरणबद्ध तरीके से डिजिटल किया जा रहा है और तीन माह में मीपार प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों को डिजिटल करने की दिशा में काम चल रहा है। स्वास्थ्य आयुक्त ने नरसिंहगढ़ अस्पताल में ओटी, मेल व फीमेल

वार्ड, एम्बुलेंसी, दवा वितरण केंद्र और मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों के पर्चों पर लिखी दवाइयों, जांच रिपोर्ट और अस्पताल में रखे जा रहे रिकॉर्ड भी देखे। हब एंड स्पोक मॉडल से संचालित पैथोलॉजी लैब में मरीजों की जांच आईडी बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान सामने आई तकनीकी दिक्कतों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। अस्पताल अधीक्षक डॉ. नीरज त्रिपाठी ने उन्हें ओपीडी डिजिटलाइजेशन की जानकारी दी। इससे पहले आयुक्त ने नरसिंहगढ़ अस्पताल को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल करने की बात कही। सीमीएचओ डॉ. अपनी अहिरवार भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य केंद्रों तक सीधे दवाइयां पहुंचाने की तैयारीस्वास्थ्य आयुक्त ने बताया कि डिजिटलाइजेशन के साथ दवा आपूर्ति व्यवस्था में भी बदलाव की तैयारी है।

उप स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर पीएचसी और सीएचसी तक दवाइयां सीधे पहुंचाने की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में दवाओं की उपलब्धता होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, पारदर्शिता और गुणवत्ता मजबूत होगी।

पैदल उज्जैन रवाना, मां कालीसिंध के जल से महाकाल का करेंगे जलाभिषेक

डीआर संवाददाता ▪ नरसिंहगढ़

सावन माह के पावन अवसर पर नगर के फूलमंडी सर्वज्ञ, मोहल्ला छावनी के 40 से अधिक युवकों का पैदल कांवड़ यात्रा जत्था शुक्रवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्री मां कालीसिंध का 111 लीटर पवित्र जल लेकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।

यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पंडित सतीश पुरी एवं पंडित

मनोज शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चन एवं जलाभिषेक कराया। इसके बाद कोल-नगाड़ों और ढोल की गूंज पर श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्ण जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ। यात्रा में पंकज पुरोहित, रवाना पुरोहित गोपाल पुरोहित, राम पुरोहित, लोकेश पुरोहित सहित 40 से अधिक युवा शामिल रहे। कांवड़ यात्रा शाह कपिलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर लोहारपट्टी हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड, नौलखेश्वर महादेव मंदिर, ड्रीम रोड, नया बस स्टैंड, महारानी लक्ष्मी चौराहा, नेल दरवाजा रोड, जोगी दरवाजा, टैक्सन मोहल्ला, मुखजी चौक, महाकाल चौराहा, गांधी चौक एवं कोठी रोड होते हुए बायपास मार्ग से उज्जैन के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान महादेव मित्र मंडल, सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति, सकल जैन समाज, रूपकर पंथ फूलमंडी समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया तथा शासन कोचर सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्य भास्कर, महादेव मित्र मंडल के अध्यक्ष ओम पुरोहित, फूलमंडी समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुरोहित जगदीश पुरोहित, कैलाश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बेटी के घर आए पिता की जीने से गिरकर मौत

डीआर संवाददाता ▪ अशोकनगर

जिले के मवोरी गांव में बेटी के घर आए 48 वर्षीय व्यक्ति की जीने से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के नहोली गांव निवासी भूरा सिंह अहिरवार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार भूरा सिंह बुधवार दोपहर अपनी बेटी के घर मवोरी गांव पहुंचे थे। रात में वे छत पर सो रहे थे। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे वे बाथरूम जाने के लिए छत से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान जीने पर पैर फिसलने से वे नीचे गिर गए। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।

मौके के बाद परिजन और रिश्तेदार उन्हें तत्काल निजी वाहन से जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

थाने से शिकायत देकर घर पहुंचे बस चालक ने खाया जहर, मौत

डीआर संवाददाता ▪ नरसिंहगढ़

गुरुवार देर रात 45 वर्षीय बस चालक ने जोरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह महारानी लक्ष्मीबाई चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक मोना वर्मा गुरुवार शाम अपनी पत्नी और

बेटी के साथ एक शुभ कार्य के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। पुलिस उनकी पत्नी और बेटी से पूछताछ कर रही थी, इसी दौरान मोना वर्मा वहां से घर लौट गए। रात में जब उनका बेटा घर पहुंचा तो पिता अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिवार तत्काल उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मोना वर्मा ने घर पर जहरीला पदार्थ खाया था। थाना प्रभारी सुरा लोधी ने बताया कि जिला मुख्य के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की।

बुजुर्ग महिला कुएं में गिरी, मौत,य स्टेशन रोड पर मानसिक बीमार युवक का शव मिला

डीआर संवाददाता ▪ भावरा

क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पलसुलिया में खेत पर काम कर रही 72 वर्षीय महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई, जबकि देवगढ़ थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित एक 31 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार युवक का शव मिला। दोनों मामलों में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव

परिजनों को सौंप दिए हैं। हादसे और मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

स्टेशन रोड पर दुकान में मिला युवक का शव

उधर, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे स्टेशन रोड स्थित एक दुकान में 31 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर देवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान सारंगपुर के कंजीर हुसैन मोहल्ले निवासी साहिल पुत्र आशिक खान के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रूप से बीमार था और पिछले कई दिनों दिल्ली से बदहवास अवस्था में इधर-उधर घूम रहा था। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव उन्हें सौंप दिया गया। देवगढ़ थाने के एएसआई गुलाब सिंह भलावी ने बताया कि मर्ग प्रकरण कर मौत के कारणों की जांच की जा रही है।न्याय लगने पर कुएं के पास गई, पैर फिसलने से हुआ हादसा करनवास थाना क्षेत्र के ग्राम पलसुलिया निवासी ग्यारसी बाई (72) पत्नी गोवर्धन प्रजापति गुरुवार सुबह परिवार के साथ खेत पर काम कर रही थीं।

गंदगी का अंत चातुर्मास समारोह में मुनि प्रवर सागर महाराज के सान्निध्य में मंगल कलश

जहां संतों का सान्निध्य होता, वहां धर्म, संस्कार व सद्भावना

डीआर संवाददाता ▪ सारंगपुर

सकल दिगंबर जैन समाज, चातुर्मास समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय परिसर में आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज के मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज एवं खुल्लक श्रेयांकर नदी तटस्थ के पावन वर्षायोग (चातुर्मास) के उपलक्ष्य में भव्य मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। 20 कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात आचार्य विशुद्ध सागर

आचार्य विशल सागर एवं आचार्य विनिश्चय सागर के पिछी पर दीप प्रज्वलन एवं अभिषेक राजमल्ली डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

चातुर्मास धर्म, साधना और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम काल समारोह को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज ने कहा कि यह धर्मसाधना साधना और आत्मचिंतन का समय होता है। इस अवधि में धर्म की प्रभावना विशेष रूप से प्रकाशित होती है तथा श्रद्धालुओं को धर्म के अधिक निकट आने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जहां संतों का सान्निध्य होता है, वहां धर्म, संस्कार और सद्भावना का वातावरण स्वतः निर्मित हो जाता है। मुनि श्री ने कहा कि सारंगपुर को चुनि अत्यंत पुण्यशाली है। यहां मुक्तक नाम कल्याणक पर विराजमान हुए रत्नों से इस क्षेत्र में धर्म की प्रभावना निरंतर बढ़ती रही है। यह केवल संत नहीं बल्कि समाज को महा नीति और पूर्व संचित पुण्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि रत्नपुर दिगंबर जैन समाज के सामूहिक पुण्य का ही परिणाम है कि यहां पहली बार चातुर्मास का पावन अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्होंने विशेष ध्यान दिया कि सारंगपुर का यह प्रथम चातुर्मास विश्व में नई धार्मिक परंपरा को सुरक्षित करेगा। आने वाले वर्षों में यहां नियमित रूप से चातुर्मास आयोजित होंगे और यह नगरवासी स्वाध्याय, संयम एवं आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इसमाजसेवी डॉ. गौतम टेटवाल ने सुनि कर सतार महाराज का पद प्रक्षालन किया।

दिगंबर समाज से पहले मुनि श्री मंगल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य विनिश्चय श्री की शोभायात्रा धूमधाम से संपन्न हुई। इसके पश्चात श्रेयांकर सेठ ने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में सीएम हेल्पलाइन की 2529 लंबित शिकायतों में से 1042 का निराकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त 1080 आवेदनों के लंबित मामलों का भी समाधान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में 1042 शिकायतों का निराकरण, 40 जाति प्रमाण पत्र जारी

डीआर संवाददाता ▪ अशोकनगर

जिले में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री जन विकास अभियान की शुरुआत गुरुवार को ग्राम पंचायत बीडासरकार में आयोजित शिविर से हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही करना और उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से बचाना है। शिविर में ग्यारियर संभाग के अनुसार नरेश सेठी ने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में सीएम हेल्पलाइन की 2529 लंबित

शिकायतों में से 1042 का निराकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त 1080 आवेदनों के लंबित मामलों का भी समाधान किया जा रहा है।

शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। 40 जाति प्रमाण पत्र मौके पर जारी किए गए, 6 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण हुआ और 6 पात्रता पर्चियां तथा 2 आधार अपडेशन पर्चियां वितरित की गईं।' दो पेंशन प्रकरणों को मंजूरी मिली, जबकि विद्युत विभाग ने 3 नए घरेलू बिजली कनेक्शन स्वीकृत किए। संबल योजना के तहत 6 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए की सहायता और एक हितग्राही को 4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता दी गई। विधायक कुंवर सिंह यादव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनता का भरोसा मजबूत करना और पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।